दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 28-03-2026

### वीसी बोले-खेल व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम, विवि बन रहा खेल उत्कृष्टता का केंद्र

# सीआरएसयू में वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह में खिलाड़ियों को 35.56 लाख की प्रोत्साहन राशि दी

भास्कर न्यूज़ | जींद



सीआरएसयू में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि वितरित करते हुए।

सीआरएसयू में स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें सत्र 2023–24 एवं 2024–25 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 35 लाख 56 हजार 400 रुपए की नकद पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को प्रदान की गई। वीसी प्रो. सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए न केवल विश्वविद्यालय बल्कि हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा खेल अवसंरचना को मजबूत करने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने जानकारी दी कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इंटर कॉलेज टूर्नामेंट 2023–24 में पुरुष वर्ग में डीएसडब्ल्यू सीआरएसयू ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती, जबकि महिला वर्ग में भी डीएसडब्ल्यू सीआरएसयू विजेता रहा। इसी सत्र में कुल 6.90 लाख रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की गई। वहीं 2024–25 सत्र में पुरुष वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जींद और महिला वर्ग में एसडीएमएम महाविद्यालय नरवाना ने ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल की।

इस सत्र में 18.66 लाख रुपए की राशि खिलाड़ियों को दी गई। समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच और विश्वविद्यालय अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के सम्मान का अवसर बना, बल्कि विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

पंजाब केसरी
SAT,28 MARCH 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

# सी.आर.एस.यू. में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

जींद, 27 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स काऊंसिल द्वारा वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान कुल 35,56,400 रूपए की नकद पुरस्कार राशि खिलाड़ियों में वितरित की गई। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की गई तथा उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि सीआरएसयू जींद खेलों के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

यहां के खिलाड़ियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय, हरियाणा प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धियां खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन सिखाने का सशक्त माध्यम भी हैं। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी समान अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे एक संतुलित और सफल जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

कुलगुरु प्रो. सैनी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है, वे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन से कार्य करते रहें तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन खेल अवसंरचना को और मजबूत करने तथा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने अंत में सभी खिलाड़ियों, कोचों और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि सी.आर.एस.यू. जींद खेल उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है और आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाता है। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे उन्हें व्यापक मंच मिल सके। इस पुरस्कार वितरण समारोह का उद्देश्य खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना है।"

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इंटर कॉलेज टूर्नामेंट सत्र 2023-24 के अंतर्गत पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप डी.एस.डब्ल्यू.सी.आर.एस.यू. द्वारा प्राप्त की गई, जिन्हें विजेता के रूप में 51,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

वहीं उपविजेता का स्थान राजकीय महाविद्यालय जींद ने हासिल किया, जिन्हें 31,000 की राशि दी गई। तृतीय स्थान के.एम. राजकीय महाविद्यालय नरवाना एवं आर.जी.एम. महाविद्यालय उचाना को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ, जिनमें प्रत्येक को 5,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

इसी प्रकार महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप डी.एस. डब्ल्यू. सी.आर.एस.यू.ने प्राप्त की, जिन्हें विजेता के रूप में 51,000 की राशि प्रदान की गई।

उप विजेता के रूप में एच.के.एम महाविद्यालय जींद एवं एस.डी.एम.एम महाविद्यालय नरवाना संयुक्त रूप से रहे, जिन्हें प्रत्येक को 15,500 की राशि प्रदान की गई। तृतीय स्थान पी.आई.जी.जी.सी. डब्ल्यू. महाविद्यालय जींद ने प्राप्त किया, जिन्हें 11,000 की पुरस्कार राशि दी गई। इन सभी प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कुल 16,90,400 की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

इंटर कॉलेज टूर्नामेंट सत्र 2024-25 के अंतर्गत पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप राजकीय महाविद्यालय जींद द्वारा प्राप्त की गई, जिन्हें विजेता के रूप में 51,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उपविजेता का स्थान डी.एस.डब्ल्यू. सी.आर.एस.यू .ने हासिल किया, जिन्हें 11,000 की राशि दी गई। तृतीय स्थान के.एम. राजकीय महाविद्यालय नरवाना एवं राजकीय महाविद्यालय जुलाना को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ, जिनमें प्रत्येक को 5,500 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

इसी प्रकार महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप एस.डी.एम.एम महाविद्यालय नरवाना ने प्राप्त की। उप विजेता के रूप में एच.के.एम महाविद्यालय जींद रहा, जिसे 31,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

तृतीय स्थान डी.एस.डब्ल्यू. सी.आर.एस.यू. ने प्राप्त किया, जिन्हें 11,000 की राशि दी गई। इन सभी प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कुल 18,66,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

अमर उजाला

Date-28.03.2026

समारोह

सीआरएसयू में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को संपन्न

# दो सत्रों के विजेताओं को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में स्पोर्ट्स काउंसिल की तरफ से आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2023-24 और 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

कुल 35,56,400 की नकद पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को दी। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि समारोह में दो सत्रों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सत्र 2023-24 पुरुष और महिला, दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियनशिप डीएसडब्ल्यू ने अपने नाम की जिन्हें 51,000 की राशि दी गई।

पुरुष वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जींद उपविजेता रहा जबकि महिला वर्ग में एचकेएम जींद और एसडीएमएम नरवाना संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। इस सत्र के लिए कुल 16,90,400 रुपये वितरित किए गए। सत्र 2024-25 पुरुष वर्ग में राजकीय महाविद्यालय जींद ने बाजी मारी और 51,000 रुपये का पुरस्कार जीता।



सीआरएसयू में ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी व अन्य। संवाद

## कुल 35 लाख 56 हजार 400 की राशि खिलाड़ियों को दी

वहीं महिला वर्ग में एसडीएमएम महाविद्यालय नरवाना ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस सत्र के दौरान कुल 18,66,000 की पुरस्कार राशि बांटी गई।

कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि प्रशासन हर संभव सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवा ज्यादा से ज्यादा खेल से जुड़े जिससे नशे से ध्यान भटकेगा।

**Date-28.03.2026**

# सीआरएसयू : खेलों में विजेता टीमें सम्मानित



जींद में खिलाड़ियों को संबोधित करते वीसी प्रो रामपाल सैनी। - हप्र

जींद, 27 मार्च (हप्र)

शुक्रवार को जींद की सीआरएसयू में वार्षिक खेल समारोह में खिलाड़ियों को 35 लाख 56,400 रुपए के नकद पुरस्कार वितरित किए। वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि सीआरएसयू खेलों के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय, हरियाणा प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है।

सीआरएसयू की टीम महिला वर्ग में विजेता महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप डीएसडब्ल्यू सीआरएसयू ने प्राप्त की। उप विजेता हिंदू कन्या कॉलेज जींद और एसडीएमएम महाविद्यालय नरवाना संयुक्त रूप से रहे। तृतीय स्थान पीआईजीजीसीडब्ल्यू महाविद्यालय जींद ने प्राप्त किया। इंटर कॉलेज टूर्नामेंट सत्र 2024–25 के अंतर्गत पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप राजकीय महाविद्यालय जींद द्वारा प्राप्त की गई। उप-विजेता का स्थान डीएसडब्ल्यू सीआरएसयू ने हासिल किया। तृतीय स्थान केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना एवं राजकीय महाविद्यालय जुलाना को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ।

महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप एसडीएमएम महाविद्यालय नरवाना ने प्राप्त की। उप विजेता जींद का हिंदू कन्या कॉलेज रहा। तृतीय स्थान डीएसडब्ल्यू सीआरएसयू ने प्राप्त किया।

दैनिक जागरण

Date-28.03.2026

# दो सत्रों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित



कार्यक्रम में मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। • सौः सीआरएसयू

**जासं • जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2023-24 व 2024-25 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान 35,56,400 रुपये की नकद पुरस्कार राशि खिलाड़ियों में वितरित की गई। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी समान अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे एक संतुलित और सफल जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।